# 2023
# नागरिक शास्त्र
## (Civics)

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 100**

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**Note:** First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक 10 शब्दों (एक वाक्य) में देना है।

(iv) प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय-I प्रकार के हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में देना है।

(v) प्रश्न संख्या 27 से 30 तक लघु उत्तरीय-II प्रकार के हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 100 से 125 शब्दों में देना है।

(vi) प्रश्न संख्या 31 एवं 32 दीर्घ उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में देना है।

(vii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

**Instructions:**

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question Nos. 1 to 10 are of Multiple Choice type.

(iii) Question Nos. 11 to 20 are of Very Short Answer type. Their answers are to be given in about 10 words (one sentence each).

(iv) Question Nos. 21 to 26 are of Short Answer type - I. The answers are to be given each in about 50 words.

(v) Question Nos. 27 to 30 are of Short Answer type - II. The answers are to be given each in about 100 to 125 words.

(vi) Question Nos. 31 and 32 are of Long Answer type. The answers are to be given each in about 250 words.

(vii) Allotted marks of all the questions are given against them.

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

### (Multiple Choice Type Questions)

**निम्नलिखित दस प्रश्नों में प्रत्येक के चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

1. प्रथम विश्व युद्ध कब प्रारम्भ हुआ ? **1**

(अ) 1913

(ब) 1914

(स) 1912

(द) 1915

2. 'मुक्त द्वार नीति' का सम्बन्ध किस देश से था ? **1**

(अ) संयुक्त राज्य अमेरिका

(ब) सोवियत संघ

(स) चीन

(द) भारत

3. सैमसंग, एलजी तथा हुंडई जैसे प्रसिद्ध ब्रांड का सम्बन्ध किस देश से है ? **1**

(अ) भारत

(ब) दक्षिण कोरिया

(स) चीन

(द) संयुक्त राज्य अमेरिका

4. भारत किस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बना ? **1**

(अ) 1945

(ब) 1946

(स) 1947

(द) 1950

5. वर्तमान संयुक्त राष्ट्र संघ महासचिव का सम्बन्ध किस देश से है ? **1**

(अ) जर्मनी

(ब) मिस्र

(स) ब्राजील

(द) पोलैण्ड

6. विश्व बैंक की स्थापना किस वर्ष हुई ? **1**

(अ) 1944

(ब) 1945

(स) 1947

(द) 1950

7. विश्व में पेट्रोलियम का सबसे बड़ा संरक्षित भण्डार है – **1**

(अ) पूर्वी एशिया में

(ब) रूस में

(स) अमेरिका में

(द) पश्चिमी एशिया में

8. योजना आयोग के स्थान पर बनायी गयी संस्था का नाम है – **1**

(अ) वित्त आयोग

(ब) अन्तरराज्यीय आयोग

(स) नीति आयोग

(द) इनमें से कोई नहीं

9. भारतीय विदेश नीति का मूलभूत सिद्धान्त संविधान के किस भाग से लिया गया है ? **1**

(अ) संसदीय अधिनियम

(ब) मूल अधिकार

(स) नीति निदेशक तत्व

(द) संवैधानिक उपबन्ध

10. आपातकाल के उपरांत हुए आम चुनावों में काँग्रेस की स्थिति देश के किस हिस्से में अप्रभावित रही ? **1**

(अ) उत्तरी भारत

(ब) पश्चिमी भारत

(स) मध्य भारत

(द) दक्षिणी भारत

## (Multiple Choice Type Questions)

**Note: Four alternatives are given for each of the following ten questions. Choose the correct alternative and write it in your answer-book.**

1. First World war started in **1**

   a) 1913

   b) 1914

   c) 1912

   d) 1915

2. 'Open Door Policy' was related to which country ? **1**

   a) United States of America

   b) Soviet Union

   c) China

   d) India

3. Famous brands like Samsung, LG and Hyundai are related to which country ? **1**

   a) India

   b) South Korea

   c) China

   d) United States of America

4. In which year did India become a member of the United Nations ? **1**

   a) 1945

   b) 1946

   c) 1947

   d) 1950

5. The present United Nations Secretary-General belongs to which country ? **1**

a) Germany

b) Egypt

c) Brazil

d) Poland

6. In which year was the World Bank established ? **1**

a) 1944

b) 1945

c) 1947

d) 1950

7. The largest reserved stock of petroleum in the world is in **1**

a) Eastern Asia

b) Russia

c) America

d) Western Asia

8. The name of the institution created in place of the Planning Commission is **1**

a) Finance Commission

b) Inter-State Commission

c) NITI Aayog

d) None of these

9. From which part of the constitution are the fundamental principles of Indian foreign policy taken ? **1**

a) Parliamentary Act

b) Fundamental Rights

c) Directive Principles of Policy

d) Constitutional Provisions

10. In which part of the country was the position of Congress Party not affected in general election after emergency ? **1**

a) Northern India

b) Western India

c) Central India

d) Southern India

## (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)
## (Very Short Answer Type Questions)

11. शीत युद्ध में शामिल दो राजनीतिक विचारधाराओं के नामों का उल्लेख कीजिए। **1+1 = 2** *Mention the names of the two political ideologies during the cold war.* **1+1 = 2**

12. शीत युद्ध के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा स्थापित किन्हीं दो सैन्य संगठनों के नाम बताइए। **1+1 = 2** *Write the names of any two military organisations established by United States of America during cold war.* **1+1 = 2**

13. टिकाऊ विकास (सतत विकास) किसे कहते हैं ? **2** *What is sustainable development?* **2**

14. अंटार्कटिका प्रदेश पर संप्रभुता का दावा करने वाले दो देशों के नामों का उल्लेख करें। **1+1 = 2** *Mention the names of two countries who claim the sovereignty on Antarctica.* **1+1 = 2**

15. भारत के किन्हीं दो धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के बारे में उल्लेख करें। **1+1 = 2** *Mention any two religious minority communities of India.* **1+1 = 2**

16. भारतीय अर्थव्यवस्था एक मिश्रित अर्थव्यवस्था है, क्यों ? किन्हीं दो कारणों का उल्लेख करें। **1+1 = 2** *Why is Indian economy a mixed economy? Mention any two reasons.* **1+1 = 2**

17. भारत की परमाणु नीति की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **1+1 = 2** *Mention any two specialities/characteristics of Indian nuclear policy.* **1+1 = 2**

18. आपातकाल के किन्हीं दो संवैधानिक परिणामों का उल्लेख कीजिए। **1+1 = 2** *Mention any two constitutional consequences of emergency.* **1+1 = 2**

19. दलित आन्दोलन के समर्थक किन्हीं दो राजनीतिक दलों के नाम बताइए। **1+1 = 2** *Mention the names of any two political parties who supported dalit movement.* **1+1 = 2**

20. पूर्वोत्तर भारत की सीमा के साथ लगे हुए किन्हीं दो देशों के नाम बताइए। **1+1 = 2** *Write the names of any two countries sharing their border with north-east India.* **1+1 = 2**

## (लघु उत्तरीय प्रश्न - I)
## (Short Answer Type - I Questions)

21. शॉक थेरेपी क्या थी ? अर्थव्यवस्था पर इसका क्या प्रभाव पड़ा ? **$2\frac{1}{2}$ + $2\frac{1}{2}$ = 5** *What was shock therapy? Write its impact on economy.* **$2\frac{1}{2}$ + $2\frac{1}{2}$ = 5**

22. अन्तरराष्ट्रीय संगठनों की आवश्यकता के पक्ष में किन्हीं दो तर्कों का उल्लेख कीजिए। **$2\frac{1}{2}$ + $2\frac{1}{2}$ = 5** *Mention any two arguments in favour of the need of international organisations.* **$2\frac{1}{2}$ + $2\frac{1}{2}$ = 5**

23. वैश्विक राजनीति में पर्यावरण की चिंता क्यों आवश्यक है ? **5** *Why is there a need of environmental concern in world politics?* **5**

24. सूचना के अधिकार आन्दोलन के सकारात्मक परिणामों का उल्लेख कीजिए। **$2\frac{1}{2}$ + $2\frac{1}{2}$ = 5** *Mention the positive consequences of right to information movement.* **$2\frac{1}{2}$ + $2\frac{1}{2}$ = 5**

25. भारत-चीन सम्बन्धों में तनाव के मुख्य विन्दु क्या-क्या रहे हैं ? **5** *What are the main reasons behind the tension in India-China relations?* **5**

26. भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय विस्थापन और पुनर्वास की समस्या पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **5** *Write a short note on the problem of displacement and rehabilitation during India-Pakistan division.* **5**

## (लघु उत्तरीय प्रश्न - II)
## (Short Answer Type - II Questions)

27. शीत युद्ध के दौरान शस्त्रीकरण एवं निःशस्त्रीकरण के किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए। **2 + 2 + 2 = 6** *Mention any three reasons behind armament and disarmament during cold war.* **2 + 2 + 2 = 6**

28. दक्षिण एशिया में द्विपक्षीय सम्बन्धों का विश्व राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ा है ? **6** *What is the impact of bilateral relations of South Asia in world politics?* **6**

29. "नये राज्यों के गठन का मूल आधार भाषायी विविधता हो या विकास की आवश्यकता।" अपना मत प्रस्तुत कीजिए। **6** *"The base in the formation of new states should be linguistic diversity or the need of development." Write your opinion.* **6**

30. भारतीय राजनीतिक व्यवस्था पर जन आन्दोलनों के किन्हीं तीन प्रभावों का उल्लेख कीजिए। **2 + 2 + 2 = 6** *Mention any three impacts of mass movement on Indian political system.* **2 + 2 + 2 = 6**

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)**

**(Long Answer Type Questions)**

31. क्षेत्रीय संगठनों के गठन के मुख्य उद्देश्य क्या हैं ? इन उद्देश्यों की प्राप्ति में आसियान कहाँ तक सफल रहा है ? **4 + 4 = 8**

**अथवा / OR**

भारत एवं बांग्लादेश के मध्य सहमति एवं असहमति के मुद्दों की समीक्षा कीजिए। **8** *What are the main purposes in the establishment of regional organisations? Write about the success of ASEAN in attaining these objectives.*

*OR*

*Review the matters of consent and disconsent in between India and Bangladesh.* **8**

32. भारत एवं पाकिस्तान के मध्य विवाद के बिन्दुओं की व्याख्या कीजिए। इनके समाधान के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख कीजिए। **4 + 4 = 8**

**अथवा / OR**

"विदेश नीति का मुख्य आधार तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व पर निर्भर करता है।" भारतीय विदेश नीति के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए। **4 + 4 = 8** *Explain the reasons for disputes in between India and Pakistan. Mention the attempts taken for its solution.*

*OR*

*"Foreign policy is mainly based on present political leadership." Review this statement on the basis of Indian foreign policy.* **8**